STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Stepping Stone
School (High)
Class - IV
Sub - 2nd Lang (Hindi) Handwriting & Spelling

Worksheet - 13 20.5.2020 Time Limit 30 min

(सर्व प्रथम दिये गए शब्दांश को ध्यान से पढ़ें, फिर इसे सुलेख (Handwriting) की तरह दुलहू उतारें। विराम चिह्नों का ध्यान रखें। पुनः वर्तनी रेखांकित की गई है इसे अलग से एक पेपर सीट पर उतारें और अभ्यास करें)

एक पंडित था। वह प्रत्येक राज्य को इस प्रकार धारा प्रवाह बोलता था, जैसे कि वही उसकी मातृभाषा हो। ऐसी स्थिति में यह पता लगाना बहुत ही मुश्किल हो गया था कि उसकी मातृभाषा कौन-सी है?

एक बार वह पंडित बादशाह अकबर के दरबार में आकर बोला - "हुजूर, मैं आपके दरबारियों को चुनौती देता हूँ कि या तो मेरी मातृभाषा के बारे में बताएँ या फिर अपनी हार स्वीकार कर लें।" बादशाह अकबर के दरबारी भी आसानी से हार माननेवाले नहीं थे। दरबारियों ने अलग-अलग भाषा में उस पंडित से सवाल पूछे, किंतु उस चतुर पंडित ने उसी भाषा में जवाब भी दिया।

जब कोई भी दरबारी पंडित की मातृभाषा नहीं पता सका तो उसने बादशाह अकबर से कहा, "हुजूर, मैं आपको एक सप्ताह का समय देता हूँ कि आपके दरबारी मेरी मातृभाषा पता लें, वरना हार मान लें।"

Scanned with CamScanner